# बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 06.07.2021 को पूर्वान्ह 12.00 बजे ककोर मुख्यालय, औरैया में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गयीं।

एजेंडा बिंदु:–

1. जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा।
2. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत तैयार की गयी डी0पी0आर0 की स्थिति।
3. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत अद्यतन तक तैयार डी0पी0आर0 का अनुमोदन।

**एजेंडा बिंदु संख्या 01:–**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में की गयी बैठक में दिये गये निर्देशों के बारे में समीक्षा की गयी एवं उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गयी। जिसमें जानकारी दी गयी, कि पिछली समीक्षा बैठक के दौरान 25 नग डी0पी0आर0 राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को स्वीकृति हेतु प्रेषित की जा चुकीं है।

**एजेंडा बिंदु संख्या 02:–**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्बन्धित फर्म द्वारा 312 नग राजस्व ग्रामों की डी0पी0आर0 विरचित की जानी हैं। दिनांक 31.05.2021 को आहुत बैठक में द इण्डियन ह्यूम पाइप द्वारा आश्वासन दिया गया, था, कि 75 दिनों में 156 डी.पी.आर. एवं अगले 75 दिनों में शेष 156 डी.पी.आर, कुल 150 दिनों में 312 डी0पी0आर0 बना दी जायेंगी। वर्तमान में नामित एजेंसी द्वारा 231 ग्रामों का सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है अभी तक 90 डी0पी0आर0 बनायी जा चुकी हैं, जिनमें से 62 डी0पी0आर0 स्वीकृति हेतु SWSM को प्रेषित की जा चुकी है तथा शेष 28 नग डी0पी0आर0 की प्रति व्यक्ति लागत 6000 से अधिक आ रही है। इसलिये पुनः परीक्षण हेतु फर्म को मूल रूप में वापस कर दी गयी है।

द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी (लि0) के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया, कि उनके पास कार्यभार अधिक होने के कारण शेष डी0पी0आर0 बनाकर कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है। इस हेतु उनके द्वारा अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को भी लिखा जा चुका है, तत्क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया, कि राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को पत्राचार करने की कार्यवाही करें।



Scanned with OKEN Scanner

एजेंडा बिंदु संख्या 03:–

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जल निगम द्वारा 37 डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में अनुमोदन हेतु प्रेषित की गयी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र.सं. | विकास खण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलन की अनुमानित लागत | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अछल्दा | कन्हों | 390.39 | |
| 2 | अछल्दा | पुर्वा आशा | 298.79 | |
| 3 | अछल्दा | पुर्वा भारामल | 274.03 | |
| 4 | अछल्दा | रजुआमऊ | 285.51 | |
| 5 | अछल्दा | हसनपुर अहिरान | 283.29 | |
| 6 | अछल्दा | तिलकपुर सरमेड़ी | 300.57 | |
| 7 | अछल्दा | चिमकुनी | 398.43 | |
| 8 | अछल्दा | नल्हूपुर | 385.87 | |
| 9 | बिधूना | जौहर | 209.55 | |
| 10 | अछल्दा | सल्हूपुर | 217.58 | |
| 11 | अछल्दा | आशा | 380.98 | |
| 12 | अछल्दा | शाहपुर | 285.97 | |
| 13 | बिधूना | कल्यानपुर जागू | 234.07 | |
| 14 | बिधूना | ड्योड़ापुर | 237.51 | |
| 15 | बिधूना | कुसमरा | 256.09 | |
| 16 | अछल्दा | सलेमपुर | 343.49 | |
| 17 | अछल्दा | पुर्वा पट्टी | 304.84 | |
| 18 | औरैया | माल्हेपुर/ फरीदपुर | 349.16 | |
| 19 | औरैया | ब्रखरिया | 324.93 | |
| 20 | औरैया | धौरेरा | 230.21 | |
| 21 | औरैया | कैथोली | 266.93 | |
| 22 | औरैया | जैतापुर | 219.89 | |
| 23 | औरैया | मरदाना | 257.09 | |
| 24 | औरैया | जरहौलिया | 223.53 | |
| 25 | औरैया | नवादा ज्वालाप्रसाद | 216.12 | |
| 26 | औरैया | सेऊपुर | 304.24 | |
| 27 | बिधूना | पुर्वा पीताराम | 290.21 | |
| 28 | बिधूना | मढ़ोकमीत | 280.56 | |
| 29 | बिधूना | मसूदपुर | 225.05 | |
| 30 | औरैया | आनेपुर | 328.89 | |
| 31 | बिधूना | मऊ | 274.27 | |
| 32 | भाग्यनगर | बुढानपुर | 204.24 | |
| 33 | भाग्यनगर | फतेहपुर रामू | 218.93 | |
| 34 | भाग्यनगर | फूटताल | 216.72 | |
| 35 | भाग्यनगर | खगीपुर | 212.76 | |
| 36 | भाग्यनगर | नियामत बैहारी | 329.88 | |
| 19 37 | भाग्यनगर | टीकमपुर | 287.09 | |

Scanned with OKEN Scanner

उक्त 37 नग डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त अनुमोदन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रेषित किये जाने की सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गयी।

जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत चयनित दोनों इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसी (आई.एस.ए.) द्वारा योजनाओं के कियान्वयन में सहयोग एवं सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जनता को जागरूक कर उनके द्वारा किये गये कार्यकमों के रजिस्टर की जांच की गयी, जिसमें उन्हें आदेशित किया गया, कि जनजागरूकता के दौरान उपस्थिति ग्रामवासियों के हस्ताक्षर रजिस्टर पर मोबाइल नं0 एवं आधार नं0 सहित अंकित करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
औरैया

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
औरैया
13-7-21

पत्रांक 437 / W-27 / 221

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1—मुख्य विकास अधिकारी महोदय, औरैया को सूचनार्थ प्रेषित।
2—जिला विकास अधिकारी, औरैया।
3—प्रभागीय वनाधिकारी, औरैया।
4—Integrated Tribal Development Agency(ITDA)/IntegratedTribal Development Programme (ITDP) जिलों के प्रोजेक्ट डायरेक्टर।
5—जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, औरैया।
6—जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, औरैया।
7—अधिशाषी अभियन्ता, वाटर रिसोर्सेस/सिचाई, औरैया।
8—अधिशाषी अभियन्ता, ग्राउन्डवाटर, औरैया।
9—जिला कृषि अधिकारी, औरैया।
10—जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, औरैया।
11—अध्यक्ष द्वारा नामित इन क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति—जलप्रबन्धन, सामुदायिक स्वास्थ्य, सामुदायिक विकास, जनपद औरैया।
12— अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग, औरैया।
13— अधिशासी अभियन्ता वि0/यां0 खण्ड उ0प्र0 जल निगम, इटावा।
14— जिला पंचायत राज अधिकारी, औरैया।
15— जिला कार्यक्रम अधिकारी, औरैया।
16— द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी (लि0) हाउस नं0 6—3—323, रामनगर, अनन्तपुरम, आ.प्रदेश।
17—जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत चयनित इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसी (आई.एस.ए.) कृषि एवं शिक्षक प्रबन्धन संस्थान तथा ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
औरैया



Scanned with OKEN Scanner